भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3663**

दिनांक 17 दिसम्बर, 2024

**कृषि अनुसंधान एवं विकास संस्थान**

**3663. श्री यदुवीर वाडियार:**

क्या **कृषि और किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कर्नाटक राज्य में कृषि नवाचार के लिए काम कर रहे कृषि अनुसंधान और विकास संस्थानों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले दस वर्षों के दौरान उक्त कृषि अनुसंधान एवं विकास संस्थानों द्वारा किए गए कृषि संबंधी कार्यों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार मैसूरु जिले के पिरियापटना तालुक में एक कृषि अनुसंधान और विकास संस्थान स्थापित करने की योजना बना रही है?

**उत्तर**

कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री
(श्री भागीरथ चौधरी)

**(क) :** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) द्वारा कर्नाटक राज्य में 6 राष्ट्रीय अनुसंधान संस्थान और 18 क्षेत्रीय केंद्र स्थापित किए गए हैं। ये संस्थान तथा क्षेत्रीय केंद्र देश के अन्य भागों के साथ-साथ कर्नाटक राज्य की कृषि प्रौद्योगिकी संबंधी जरूरतों को पूरा कर रहे हैं। इसके अलावा, प्रशिक्षण और विकसित की गई प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन करने के लिए कर्नाटक राज्य में जिला स्तर पर कुल 33 कृषि विज्ञान केंद्र भी स्थापित किए गए हैं।

कर्नाटक राज्य में स्थित अनुसंधान संस्थानों और क्षेत्रीय केंद्रों की सूची **अनुबंध- I** पर संलग्न है।

**(ख) :** कर्नाटक राज्य में स्थित कृषि अनुसंधान संस्थानों/केंद्रों द्वारा किए गए अनुसंधान कार्यों में शामिल हैं : विभिन्न खेत फसलों, दलहन, तिलहन, रेशा, बागवानी फसलों व जलवायु-अनुकूल किस्मों का विकास; पशुओं, पोल्ट्री तथा मात्स्यिकी सेक्टर के लिए टीके, नैदानिकी तथा टीकों का विकास; कृषि कार्यों के लिए श्रम-साध्यता की दृष्टि से उन्नत टूल्स व उपकरण तथा मशीनें; प्रदर्शन, महिला एवं युवा सहित किसान समुदाय व प्रसार कार्मिकों का क्षमता निर्माण और उन्हें परामर्श प्रदान करना, तथा किसानों द्वारा उन्नत कृषि प्रौद्योगिकियों व रीतियों का उपयोग करने को बढ़ावा देने के लिए कृषि आदानों का वितरण।

पिछले 10 वर्षों के दौरान, कुल 614 खेत फसल किस्में, 22 फलदार किस्में, 46 सब्जी किस्में, 41 पुष्पीय किस्में और काजू की 8 किस्में कर्नाटक राज्य में खेती प्रयोजन के लिए जारी एवं अधिसूचित की गई हैं। राज्य के समुद्री संसाधनों के सतत प्रबंधन हेतु कर्नाटक तटीय क्षेत्र के लिए समुद्री मत्स्य पालन नीति तैयार की गई।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा ब्लू टंग (3), ब्रूसेलोसिस (01), पीपीआर (01), ट्रिप्नोसोमियोसिस (01), लेप्टोस्पाइरोसिस (01) के लिए सर्वे जांच विकसित की गई है। साथ ही प्रमुख रोगों के पूर्वानुमान के लिए अगेती चेतावनी प्रणाली उपलब्ध कराई गई जिसे आवश्यक तैयारी के लिए राज्य पशुपालन विभाग के साथ साझा किया गया।

पिछले 10 वर्षों के दौरान, कृषि विज्ञान केंद्रों ने विभिन्न कृषि प्रणालियों के अंतर्गत प्रौद्योगिकियों की स्थान-विशिष्टता की पहचान करने के लिए 0.016 लाख ऑन-फार्म परीक्षण आयोजित किए; किसानों के खेतों पर उन्नत कृषि प्रौद्योगिकियों की उत्पादन क्षमता को स्थापित करने के लिए 0.42 लाख अग्रिम-पंक्ति प्रदर्शन आयोजित किए गए; तथा कुल 8.24 लाख किसानों और 0.59 लाख प्रसार कार्मिकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। आधुनिक कृषि प्रौद्योगिकियों के बारे में जागरूकता का सृजन करने के लिए कृषि विज्ञान केंद्रों द्वारा उपरोक्त अवधि के दौरान 230.7 लाख किसानों की भागीदारी के साथ बड़ी संख्या में प्रसार गतिविधियां आयोजित की गईं।

**(ग) :** वर्तमान में, ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

*******

**अनुबंध - I**

**{लोक सभा के दिनांक 17.12.2024 के अतारांकित प्रश्न सं. 3663 का भाग (क)}**

**कर्नाटक राज्य में स्थित कृषि अनुसंधान संस्थानों की सूची**

| | |
|---|---|
| 1. | भाकृअनुप- राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलुरू |
| 2. | भाकृअनुप- भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान, बेंगलुरू |
| 3. | भाकृअनुप- काजू अनुसंधान निदेशालय, पुत्तूर |
| 4. | भाकृअनुप- राष्ट्रीय पशु पोषण एवं शरीरक्रिया विज्ञान संस्थान, बेंगलुरू |
| 5. | भाकृअनुप- राष्ट्रीय पशु चिकित्सा महामारी विज्ञान और रोग सूचनाविज्ञान संस्थान (NIVEDI), बेंगलुरू |
| 6. | भाकृअनुप- कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, जोन XI, बेंगलुरू |

**कर्नाटक राज्य में स्थित भाकृअनुप क्षेत्रीय केन्द्रों की सूची**

| | |
|---|---|
| 1. | भाकृअनुप- केंद्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान (सिरकोट), गुणवत्ता मूल्यांकन इकाई, कृषि अनुसंधान केंद्र, धारवाड़ फार्म बी.पी.ओ., धारवाड़ - 580007, कर्नाटक |
| 2. | भाकृअनुप- भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) क्षेत्रीय स्टेशन, आईवीआरआई परिसर, हेब्बल, बेंगलुरु- 560 024 कर्नाटक |
| 3. | भाकृअनुप- राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान (एनडीआरआई) दक्षिणी क्षेत्रीय स्टेशन, अदुगोडी, बेंगलुरु-560030, कर्नाटक |
| 4. | भाकृअनुप- केंद्रीय तंबाकू अनुसंधान संस्थान (सीटीआरआई) अनुसंधान स्टेशन, हुन्सुर-571 105 मैसूर जिला, कर्नाटक |
| 5. | भाकृअनुप- भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) क्षेत्रीय दलहन सुधार अनुसंधान केंद्र, धारवाड़-580005 कर्नाटक |
| 6. | भाकृअनुप- भारतीय चारागाह और चारा अनुसंधान संस्थान (आईजीएफआरआई), दक्षिणी क्षेत्रीय अनुसंधान स्टेशन, ओपी यूएएस, पी.बी. रोड, धारवाड़ - 580 005, कर्नाटक |
| 7. | भाकृअनुप- भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान (आईआईपीआर) क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र सह ऑफ सीजन नर्सरी, यूएएस येट्टीनेयुड्डा परिसर, कृषि नगर, धारवाड़ - 580005 |
| 8. | भाकृअनुप- केंद्रीय अंतर्स्थलीय मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र  हेसरघट्टा, लेक पोस्ट, बेंगलुरु, पिन- 560 089, कर्नाटक |
| 9. | भाकृअनुप- केंद्रीय मीठा जलजीव पालन अनुसंधान संस्थान (सीआईएफए) क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, बेंगलुरु, हेसरघट्टा झील, हेसरघट्टा, बेंगलुरु-560089 कर्नाटक |
| 10. | भाकृअनुप- केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान (सीएमएफआरआई), क्षेत्रीय केंद्र, पोस्ट बॉक्स नं. 244, बोलर मैंगलोर-575 001 दक्षिण कनारा, कर्नाटक |
| 11. | भाकृअनुप- केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान (सीएमएफआरआई) क्षेत्रीय स्टेशन, पोस्ट बॉक्स नंबर 5, कारवार, उत्तर कनारा 581 301, कर्नाटक |
| 12. | भाकृअनुप- केंद्रीय रोपण फसल अनुसंधान संस्थान (सीपीसीआरआई), क्षेत्रीय स्टेशन, विट्टल, दक्षिण कन्नड़ जिला- 574243, कर्नाटक |
| 13. | भाकृअनुप- केंद्रीय रोपण फसल अनुसंधान संस्थान (सीपीसीआरआई), अनुसंधान केंद्र, किदु, नेट्टाना, कदबा तालुका -574230, दक्षिण कन्नड़ जिला, कर्नाटक |
| 14. | भाकृअनुप- भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान (आईआईएचआर) केंद्रीय बागवानी प्रयोग केंद्र, पोस्ट, चेट्टाल्ली, एन. कोडगु-571248 (कर्नाटक) |
| 15. | भाकृअनुप- भारतीय मसाला अनुसंधान संस्थान क्षेत्रीय स्टेशन, अप्पांगला, मडिकेरी, हरवनाड पोस्ट, कोडागु, कर्नाटक - 571 201 |
| 16. | भाकृअनुप- भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान (आईआईएसडब्ल्यूसी), अनुसंधान केंद्र, होस्पेट रोड कैंटोनमेंट, बल्लारी-583104, कर्नाटक |
| 17. | भाकृअनुप- राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन ब्यूरो (एनबीएसएस एवं एलयूपी), क्षेत्रीय केंद्र, हेब्बल, बेंगलुरु-560024, कर्नाटक |
| 18. | भाकृअनुप- भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान (आईआईएसएस) क्षेत्रीय स्टेशन, गांधी कृषि विज्ञान केंद्र (जीकेवीके) परिसर, यूएएस, बेंगलुरु-560065 |

*******